देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 01.09.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एससीओ शिखर सम्मेलन में कहा, आतंकवाद पर दोहरे मापदंड अस्वीकार्य हैं ।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा गोलीकांड के शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी।
- प्रदेश में बारिश का दौर जारी, सरकार ने मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए सभी जिलों के अधिकारियों को 24 घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए।
- रुद्रप्रयाग जिले के गौरीकुंड राजमार्ग पर मुनकटिया में एक वाहन के ऊपर भारी बोल्डर गिरने से दो लोगों की मृत्य।

एससीओ शिखर सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आतंकवाद पर दोहरे मापदंड अस्वीकार्य हैं। आज तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन में अपने वक्तव्य में, श्री मोदी ने आतंकवाद को मानवता के लिए एक बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा की जानी चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि भारत पिछले चार दशकों से आतंकवाद से निपट रहा है।

उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत के साथ एकजुटता दिखाने वाले देशों का आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एससीओ के सदस्य के रूप में भारत ने बहुत सकारात्मक भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि एससीओ के लिए भारत का दृष्टिकोण और नीति तीन महत्वपूर्ण स्तंभों – सुरक्षा, संपर्क और अवसर – पर आधारित है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ विचारों का आदान–प्रदान भी किया। प्रधानमंत्री मोदी आज बाद में रूसी राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कल भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों के पुनर्निर्माण पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक वार्ता की। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि बैठक में श्री मोदी ने द्विपक्षीय संबंधों के निरंतर विकास के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द के महत्व को रेखांकित किया।

<u>खटीमा के शहीदों</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा गोलीकांड में पृथक उत्तराखंड राज्य की संकल्पपूर्ति के लिए प्राणों की आहुति देने वाले शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी। श्री धामी ने कहा कि वीर राज्य आंदोलनकारियों का बलिदान केवल इतिहास का हिस्सा नहीं बल्कि उत्तराखंड की आत्मा में अंकित वह शौर्यगाथा है, जिसने पर्वतीय अस्मिता और अस्तित्व को नई संजीवनी प्रदान की है। उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण की महान यात्रा में आपका त्याग और अदम्य साहस सदैव अविस्मरणीय रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शहीदों के सपनों के अनुरूप उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य क्षेत्रों में प्राथमिकता से कार्य करने की बात कही।

जीडीपी

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि इस तिमाही में 7 दशमलव 8 प्रतिशत की शानदार जीडीपी वृद्धि ने साबित कर दिया है कि अर्थव्यवस्था का संचालन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बेहतर कोई नहीं कर सकता। नई दिल्ली में श्री रिजिजू ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मेक इन इंडिया को बढ़ावा देना और स्वदेशी को अपनाना ज़रूरी है।

गृह मंत्रालय

गृह मंत्रालय ने उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेष, पंजाब और जम्मू –कष्मीर में तेज वर्शा, बाढ़, बादल फअने, भू–स्खलन और आकस्मिक बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए अंतर मंत्रालय केंद्रीय दलों का गठन किया है।

गृह मंत्रालय ने हिमाचल प्रदेष, उत्तराखंड, पंजाब और जम्मू –कष्मीर में तेज वर्शा, बाढ़, बादल फअने, भू–स्खलन और आकस्मिक बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए अंतर मंत्रालय केंद्रीय दलों का गठन किया है। गृहमंत्री अमित षाह के निर्देष पर ये दल मौके पर जाकर स्थिति का आकलन करेंगे और राज्य सरकारों के राहत कार्यों की समीक्षा करेंगे। वित्तीय वर्श 2025–26 में केंद्र सरकार ने 24 राज्यों को, तत्काल राहत उपलब्ध कराने में सक्षम बनाने के लिए, राज्य आपदा प्रबंधन कोश में दस हजार करोड़ रूप्ए से अधिक की राषि जारी की है। राश्ट्रीय आपदा प्रबंधन कोश से 12 राज्यों को करीब दो हजार करोड़ रूप्ए जारी कर दिये गए हैं।

मौसम

प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। मूसलाधार बारिश से पर्वतीय अंचल में जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। राज्य में कई मुख्य और संपर्क मार्ग अवरूद्ध हैं, जिन्हें खोलनें के प्रयास जारी हैं। इस बीच, मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून ने आज देहरादून, टिहरी, पौड़ी, बागेश्वर और हरिद्वार जिले में तेज बारिश की चेतावनी जारी की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए सभी जिलों के अधिकारियों को 24 घंटे सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण राज्य लगातार चुनौतियों का सामना कर रहा है, इसलिए भूस्खलन और जलभराव की आशंका को ध्यान में रखते हुए पूरी सतर्कता बरती जाए।

भारी बारिश

प्रदेश में हो रही भारी बारिश के चलते प्रदेश के कई मार्ग अवरूद्ध हो गये हैं जिन्हें संबंधित विभाग तेजी से खोलने में जुटा हुआ है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार आपदा प्रभावित क्षेत्रों में बचाव कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं, और सभी विभाग समन्वय बनाकर राहत कार्यों में जुटे हैं। उधर चंपावत जिले में लगातार हो रही बारिश से आमजनजीवन प्रभावित हो गया है। बारिश चलते जिले की लाइफ लाइन ऑल वेदर सड़क आज चौथे दिन भी यातायात के लिए बंद चल रही है। जिलेभर में देर रात से तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश होने से दर्जनों सड़कें अवरुद्ध होने के साथ ही मैदान क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। भारी बारिश से नदी नाले उफान पर है शारदा घाट का जल स्तर उफान पर है। इधर जिला अधिकारी के आदेश के बाद स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में एक दिवसीय अवकाश घोषित किया है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को अलर्ट मोर्ड में रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन की ओर से जिले के नागरिकों से घरों में सुरक्षित रहने की अपील की है।

दुर्घटना

रुद्रप्रयाग जिले के गौरीकुंड राजमार्ग पर मुनकटिया में एक वाहन के ऊपर भारी बोल्डर गिरने से दो लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। दुर्घटना में दो गंभीर रूप से घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन सोनप्रयाग से गौरीकुंड की ओर जा रहा था। वाहन में कुल 8 यात्री थे।

जगरूक किया।

नैनीताल पुलिस ने साइबर अपराध के साथ ही नशा और साइबर अपराध के प्रति लोगों को जागरूक किया। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात कर कुशलक्षेम जानी और उन्हें उनकी सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने वरिष्ठ नागरिकों को अपने व्यक्तिगत मोबाइल नंबर उपलब्ध कराकर कोई भी समस्या होने पर तुरंत संपर्क करने को कहा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इन अभियानों का उद्देश्य बच्चों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों को नशे, साइबर अपराध और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर समाज को सुरक्षित और जिम्मेदार बनाना है।

धनराशि स्वीकृत

शासन ने पौड़ी जिले के श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत चकरगांव–कल्याणखाल मोटर मार्ग के लिए एक करोड़  नौ लाख से अधिक की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर धन सिंह रावत  ने कहा कि चकरगांव–कल्याणखाल मोटर मार्ग का डामरीकरण क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग थी। उन्होंने कहा कि सड़क बनने से न केवल स्थानीय लोगों को सुविधा होगी, बल्कि यह मार्ग गढ़वाल और कुमाऊं मंडल की सीमा से जुड़ा होने के कारण दोनों मंडलों के लिये उपयोगी साबित होगा।